# समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–4, बोकारो
## पिन–827012

**झा0स0पु0/आई0आर0बी0/रा0औ0सु0बल में चतुर्थवर्गीय संवर्ग (दफ्तरी, रसोईया, जलवाहक, झाडुकश, नाई, धोबी) के पद पर नियुक्ति हेतु सूचना।**

**विज्ञापन संख्या –01/2018 (झा0स0पु0/आई0आर0बी0/रा0औ0सु0बल)**

1. झारखण्ड राज्य के विभिन्न ईकाई झा0स0पु0/आई0आर0बी0/रा0औ0सु0बल में चतुर्थवर्गीय संवर्ग (दफ्तरी, रसोईया, जलवाहक, झाडुकश, नाई, धोबी) के पद पर निम्नांकित पदों पर रिक्ति के विरूद्ध पदनाम के सामने अंकित वेतनमान पर नियुक्ति हेतु सभी कोटी के योग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में टंकित आवेदन पत्र आमत्रित किये जाते है :–

| क्र0 | पद का नाम | 7th pay | | सामान्य | अनु0जा0 | अनु0ज0 जा0 | पिछड़ा वर्ग | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5200–20200 (ग्रेड पे0–1800) | | | | | बी0सी0–1 | बी0सी0–2 | |
| 1 | दफ्तरी | 18000/– | LEVEL 1 | 04 | – | – | – | – | 04 |
| 2 | रसोईया | 18000/– | LEVEL 1 | 77 | 14 | 49 | 09 | 13 | 162 |
| 3 | जलवाहक | 18000/– | LEVEL 1 | 56 | 13 | 42 | 10 | 04 | 125 |
| 4 | झाडुकश | 18000/– | LEVEL 1 | 51 | 10 | 27 | 09 | 06 | 103 |
| 5 | नाई | 18000/– | LEVEL 1 | 36 | 09 | 18 | 04 | 02 | 69 |
| 6 | धोबी | 18000/– | LEVEL 1 | 31 | 07 | 17 | 09 | 03 | 67 |

**नोटः– उपरोक्त रिक्ति में से झा0स0पु0–10(म0वा0), होटवार, राँची के लिए कुल 08 पद महिलाओं के लिए सुरक्षित है, जिसमें से नाई–01, झाडूकश–02, रसोईया–01 का पद सामान्य वर्ग के लिए तथा जलवाहक–01, झाडुकश–01 का पद अनु0ज0जाति0 के लिए तथा रसोईया–01, जलवाहक–01 का पद अनु0जाति के महिलाओं के लिए सुरक्षित है।**

उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ भी सकती है तथा आवश्यकतानुसार आंशिक परिवर्तन भी किये जा सकते है।

**2.** उक्त विज्ञापित रिक्तियों में नियुक्ति झारखण्ड राज्य में लागू अद्यतन झारखण्ड आरक्षण नियमों के तहत राज्य स्तरीय आरक्षण रोस्टर के अनुसार की जायेगी।

3. उम्र :–

अभ्यर्थियों का उम्र **दिनांक 01.08.2018** को निम्न प्रकार होगी :–

| | कोटि | | उम्र |
|---|---|---|---|
| (क) | सामान्य जाति | – | 18 से 25 वर्ष |
| (ख) | अत्यन्त पिछडा वर्ग | – | 18 से 27 वर्ष |
| (ग) | अनु0जनजाति/अनु0जाति | – | 18 से 28 वर्ष |
| (घ) | महिला | – | 18 से 30 वर्ष |

**(झारखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानो से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं समकक्ष की शैक्षणिक प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि मान्य होगा)**

4. शारीरिक मापः– अभ्यर्थियो का शारीरिक माप निम्नवत होना आवश्यक होगा–

| | कोटि | | ऊँचाई | सीना |
|---|---|---|---|---|
| (क) | सामान्य जाति | – | 160 CM | 81 CM |
| (ख) | अत्यन्त पिछडा वर्ग | – | 160 CM | 81 CM |
| (ग) | अनु0जनजाति/अनु0जाति | – | 155 CM | 79 CM |
| (क) | महिला | – | 148 CM | – |

5. शैक्षणिक योगयता :–
अभ्यर्थियों को झारखण्ड राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से दसवीं कक्षा उर्त्तीण होना आवश्यक है।

6. आवेदन पत्र दिनांक 01.09.2018 से 24.09.2018 तक **समादेष्टा, झा0स0पु0–4, बोकारो, नियर उकरीद बस्ती, पोस्ट–सेक्टर–12, पिन–827012, जिला–बोकारो** के कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस का **समय 10:00 बजे से 17:00 बजे** तक हाथों –हाथ/डाक द्वारा प्राप्त किया जायेगा। दिनांक 24.09.2018 के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा प्रेषित किये जाने वाले आवेदन के साथ 05(पॉच) रुपया का डाक टिकट लगा हुआ सादा लिफाफा संलग्न करेंगे जिस पर आवेदन का नाम एवं पता अंकित होगा ताकि उम्मीदवारों को उनकी क्रमांक के सूचना दी जा सके। लिफाफा के Åपर आवेदक पद का नाम आवश्यक रूप से लिखा होगा।

7. विज्ञापित रिक्ति का 33% पद महिलाओं के लिए कर्णाकित है। महिलाओं के लिए कर्णाकित/रिक्त पद हेतु महिला उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर पुरूष उम्मीदवार से उक्त पदों को भरा जायेगा।

8. चिकित्सीय जाँच में असफल होने पर चयन रद्द कर दिया जायगा।

9. झारखण्ड राज्य का आवासीय प्रमाण–पत्र वाले उम्मीदवारों की ही नियुक्ति होगी।

10. शारीरिक एवं व्यावहारिक जाँच :–
   (i) सभी पदों की जाँच परीक्षा **झा0स0पु0–4, बोकारो, नियर उकरीद बस्ती, पोस्ट–सेक्टर–12, पिन–827012, जिला–बोकारो** के परिसर में लिया जायेगा।
   (ii) जाँच परीक्षा की तिथि समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित किया जायेगा।
   (iii) सभी पुरूष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए एक मील की **''क्वालिफाईंग''** दौड़ **10(दस)** मिनट में पूरा करना अनिवार्य है।
   (iv) दौड़ परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को लिखने–पढ़ने के ज्ञान से संबंधित दसवीं स्तर की लिखित परीक्षा ली जायेगी, जो 50 अंकों की होगी, जिसमें से 30% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जो मात्र क्वालिफाईंग होगा।
   (v) शारीरिक जाँच एवं लिखित जाँच परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का ही व्यावहारिक परीक्षा लिया जायेगा।
   (vi) विभिन्न कोटि के पद के लिए पद संबंधित व्यावहारिक परीक्षा होगी। परीक्षा कुल 100 अंको का होगा, जिसमें **40 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**
   (vii) रसोईया एवं जलवाहक पद हेतु साधारण खाना (रोटी, दाल सब्जी तथा चावल) के अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रीय भारतीय व्यंजन शाकाहारी/मांसाहारी व्यंजन बनाने की जानकारी होनी चाहिए। जलवाहक पद के लिए उम्मीदवारों की शारीरिक स्वास्थ्य एवं कठिन कार्य करने की क्षमता की जाँच की जायेगी। खाना बनाने एवं इसकी जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।

(viii) सभी उम्मीदवारों को व्यवहारिक परीक्षा के लिए अपना–अपना पेशेवर औजार आवश्यक सभी सामान साथ लाना अनिवार्य होगा। रसोईया एवं जलवाहक पद के उम्मीदवार खाना बनाने का सामान बर्त्तन, गैस चुल्हा/स्टोव एवं खाद्य–सामग्री या लेकर आयेंगे, उससे भोजन तैयार करना होगा।

उपर्युक्त व्यवहारिक परीक्षा के कुल 100 (एक सौ) अंकों में अभ्यर्थी के कुल प्राप्तांको के आधार पर ही वरीयता सूची तैयार कर अन्तिम चयन किया जायेगा।

11. <u>अनुदेश</u> :–

(क) सभी आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ मैट्रिक शैक्षणिक प्रमाण–पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे।

(ख) अंतिम चयन के समय मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ग) आंशिक या अपूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष, चयन पर्षद को होगा।

(घ) जो अभ्यर्थी डाक द्वारा आवेदन भेजेंगे उन्हें पावती पत्र रॉल नम्बर अंकित कर साधारण डाक द्वारा भेजा जायेगा, परन्तु उन्हें प्राप्त कराने की पूर्ण जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी।

(ङ) एक उम्मीदवार एक वेतनमान में एक ही पद के आवेदन दे सकते हैं। एक से अधिक आवेदन पत्र पाये जाने पर पात्रता रद्द कर दी जायेगी।

(च) आवेदन में हाल का स्वहस्ताक्षरित फोटो चिपकायेंगे।

(छ) शारीरिक जाँच के समय 02 फोटो साथ में लायेंगे।

(ज) आवेदन–पत्र हेतु विहित प्रपत्र का नमुना विज्ञापन के साथ संलग्न है।

12. जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भात्ता देय नहीं होगा। अपरिहार्य कारणों से जाँच एवं साक्षात्कार/चयन की तिथि, केन्द्र एवं अन्य मामलों में परिवर्तन किया जा सकता है।

13. <u>अपील एवं शिकायत की जाँच</u> – यदि कोई उम्मीदवार अपने ऊँचाई एवं सीना की माप से संतुष्ट नहीं हो तब वह अपनी जाँच के उपरान्त उसी दिन समिति के अध्यक्ष को अपना लिखित आवेदन देंगे। समिति के अध्यक्ष उसी समय समिति के सभी सदस्यों के समक्ष वैसे उम्मीदवार की पुनः मापी करेंगे और यदि कोई त्रुटि हुई हो, तब उसका सुधार तत्कल करेंगे एवं उम्मीदवार को तदनुसार अवगत करा देगें। इसके बावजूद यदि वह उम्मीदवार पुनः मापी से भी संतुष्ट नहीं हो तब वह जाँच समाप्त होने के तीन दिनों के अन्दर पुलिस उप–महानिरीक्षक, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची के पास अपील करेंगे।

अध्यक्ष<br>
नियुक्ति चयन पर्षद।

# झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, आई0आर0बी0 एवं रा0औ0सु0बल चतुर्थवर्गीय संवर्ग (दफ्तरी, रसोईया, जलवाहक, झाडुकश, नाई, धोबी) के पद पर नियुक्ति हेतु

## विज्ञापन संख्या – 01/2018

सेवा में,

समादेष्टा,
झा0स0पु0–4, बोकारो।

आवेदक स्वभिप्रमाणित हाल के फोटोग्राफ चिपकाये

1. आवेदित पद का नाम :....................................................................................................
2. आवेदक का नाम (साफ–साफ बड़े अक्षरों में) :.......................................................................
3. पिता/पति का नाम :.......................................................................................................
4. लिंग :..........................................................................................................................
5. जन्म तिथि – दिन [ ] माह [ ] वर्ष [ ]
   दिनांक 01.08.2018 को– वर्ष [ ] माह [ ] दिन [ ]
6. शैक्षणिक योग्यता :..........................................................................................................
7. विशेष योग्यता :.............................................................................................................
8. शारीरिक योग्यता : ऊँचाई ...................... से0मी0 सीना ...................... से0मी0
9. स्थायी पता :
   (क) ग्राम :.................................................. (ख) पोस्ट :..................................................
   (ग) थाना :.................................................. (घ) जिला :..................................................
10. पत्राचार का पता :
   (क) ग्राम :.................................................. (ख) पोस्ट :..................................................
   (ग) थाना :.................................................. (घ) जिला :..................................................
11. राष्ट्रीयता :...................................................................................................................
12. अनु0जाति/अनु0ज0जाति/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–1 एवं 2 वर्ग के उम्मीदवार राज्यपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति प्रमाण–पत्र अवश्य संलग्न करेंगे, जो अनुमण्डल पदाधिकारी या उपायुक्त (झारखण्ड राज्य) द्वारा निर्गत होगा।
13. शारीरिक पहचान के दो चिन्हः–
   (क) ..................................................(ख)..................................................
14. मोबाईल नम्बर : ..........................................................................................................

स्थान :..............................................................
दिनांक :..............................................................

आवेदक का पूरा हस्ताक्षर

नोट :– 1. सभी आवेदन पत्र पदनाम से डाक या सीधे तौर पर प्राप्त किया जायेगा।
2. सभी आवेदक अपने आवेदन–पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो, संलग्न करेंगे।
3. सभी आवेदक अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे।

## घोषणा पत्र

मैं प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर दी गई सभी सूचनाएँ तथा संलग्न प्रमाण पत्र सही है। गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी एवं नियुक्ति बिना सूचना के रद्द की जा सकती है। मैं यह भी घोषणा करता हूँ, कि किसी फौजदारी मुकदमे में आरोप पत्रित/संदिग्ध/दंडित नहीं हुआ है।

स्थान :..............................................................
दिनांक :..............................................................

आवेदक का पूरा हस्ताक्षर

.................................................... *इस रेखा के नीचे आवेदक कुछ न लिखे* ....................................................

## आवेदन पत्र की पावती

विज्ञापन संख्या–01/2018 के आलोक में ................................... पद पर बहाली के लिए श्री/श्रीमती/सुश्री ............. ................................ का आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। इनका ............................. आवंटित किया गया।

प्राप्तकर्त्ता का हस्ताक्षर
तथा तिथि।

(कार्यालय का मुहर)